हुक्म की तामील में जारी हुए ... अहकाम जो ... र व त

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बनेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज.)

राजस्व लोक अदालत मुकाम निम्बाहेडाकंला तहसील बनेड़ा

: : मूल वाद मे अन्तिम डिक्री : :

{आदेश 20 नियम 6, 7 जा0दी0}

पीठासीन अधिकारी – श्री रतनलाल रेगर
(आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या :–22/2018

अनवान

1 गंगाराम पिता आंनदराम ब्राहमण उम्र वयस्क निवासी निम्बाहेडाकंला तहसील बनेडा जिला–भीलवाडा

बनाम .... वादीगण

1 घेवरचन्द पिता देवकरण ब्राहमण उम्र वयस्क निवासी निम्बाहेडाकंला तहसील बनेडा जिला–भीलवाडा
2 मथरा पुत्री देकरण ब्राहमण उम्र वयस्क निवासी निम्बाहेडाकंला तहसील बनेडा जिला–भीलवाडा
3 अमरचन्द पिता प्रहलाद ब्राहमण उम्र वयस्क निवासी निम्बाहेडाकंला तहसील बनेडा जिला–भीलवाडा
4 राज. राज्य जरिये तहसीलदार बनेड़ा जिला भील0

..... प्रतिवादीगण

वादपत्र अन्तर्गत धारा 88, 89, 92क व 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

उपस्थित :::– श्री मुरारी जोशी .... अधिवक्ता वादीगण
पेरोकार सरकार........विपक्षी संख्या 04

दिनांक – 14.05.2018

वादी का वादपत्र बहक वादी विरूद्ध प्रतिवादीगण अन्तर्गत धारा 88–89–92क–188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत इस प्रकार स्वीकार किया जाता है कि वाके ग्राम निम्बाहेडाकंला पटवार हल्का क्षेत्र निम्बाहेडाकंला तहसील बनेडा जिला भीलवाडा स्थित खतौनी संख्या 197 आराजी संख्या 11, 12, 210, 215 कुल किता 4 कुल रकबा 24–06 बीघा के राजस्व रेकार्ड में वादी का 1/12 का हक आधिपत्य निर्धारित कर, प्रतिवादी संख्या 01, 02 को 1/24 तथा प्रतिवादी संख्या 03 को 1/24 हक हिस्से का सहखातेदार काश्तकार घोषित करते हुए, उसी अनुसार राजस्व रेकार्ड में अंकन कर, दुरूस्तिकरण किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाकर इस आशय की अन्तिम डिक्री पारित की जाती है। तथा साथ ही प्रतिवादीगण संख्या 01 लगायत 03 को स्थाई निषेधाज्ञा से पाबन्द किया जाता है कि वादी के हक हिस्से की भूमि में अनावश्यक दखलन्दाजी न स्वयं करें एवं न ही किसी अन्य से करावें। डिक्री की प्रति तहसीलदार बनेड़ा को पालनार्थ भिजवाई जावे। तहसीलदार बनेड़ा तद्नुसार राजस्व अभिलेखों में अमल दरामद करें। खर्चा फरिकेन अपना–अपना वहन करे।

यह डिक्री आज दिनांक 14.05.2018 को राजस्व लोक अदालत अभियान 2018 शिविर मुकाम निम्बाहेडाकंला में मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी गयी।

(रतनलाल रेगर)
उपखण्ड अधिकारी, बनेड़ा
जिला भीलवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
बनेड़ा (भीलवाड़ा)